>

Title: Need to sort out the issue of stapled Visa issued to sportspersons of Arunachal Pradesh who desired to participate in the 11th Judo Karate Championship in China.

**श्री निनोंग ईरींग (अरुणाचल पूर्व):** मैं भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से संबंधित एक महत्वपूर्ण विषय ध्यान में लाना चाहूंगा।

हाल ही में हमारे अरूणाचल प्रदेश की जूडो-कराटे खिलाड़ियों की टीम को दिल्ली स्थित चाईनीज दूतावास ने स्टैपल्ड वीजा दिया जो कि इन्दिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के भारतीय इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों द्वारा रद्द कर दिया गया और वे चीन के शहर फूजियान में होने वाले 11वें एशियन जूडो-कराटे चैम्पियनशिप में भाग लेने से वंचित रह गए।

इस संबंध में भारत सरकार ने कोई विशेष कार्यवाही की या नहीं, इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए अन्यथा अरूणाचल प्रदेश के लोग सदैव अपने ही देश में इस दोहरी चाईनीज वीजा पोलिसी के शिकार होते रहेंगे।